## » संक्षिप्त समाचार



## पोदार कॉलेज के तीन जांबाज कैडेट्स का भारतीय थल सेना में चयन

सीमा सन्देश संवाददाता

**नवलगढ़।** नवलगढ़ एवं शेखावाटी क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है कि दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट द्वारा संचालित पोदार कॉलेज, नवलगढ़ के तीन होनहार एनसीसी कैडेट्स ने भारतीय थल सेना में चयनित होकर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। कैडेट अमन कुमार पुत्र कमलेश कुमार बीएससी तृतीय वर्ष का भारतीय थल सेना में चयन,कैडेट अमन दूत पुत्र विक्रम सिंह दूत बीएससी द्वितीय वर्ष का भारतीय थल सेना में क्लर्क पद पर तथा कैडेट रिहान खान पुत्र मोहम्मद रफीक खान इ.रू. द्वितीय वर्ष का भारतीय थल सेना में चयन हुआ है। पोदार कॉलेज, नवलगढ़ अपने गौरवशाली इतिहास के साथ शिक्षा,अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्रसेवा की उत्कृष्ट परंपराओं का वाहक रहा है। महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट ने सदैव युवाओं में देशप्रेम, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास कर उन्हें राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया है। इन तीनों कैडेट्स का भारतीय सेना में चयन महाविद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं एनसीसी प्रशिक्षण परंपरा, समर्पित मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कठिन मेहनत का जीवंत प्रमाण है। राजीव के. पोदार चेयरमैन, दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ ने कहा कि, पोदार कॉलेज के इन तीनों एनसीसी कैडेट्स की उपलब्धि पर हमें अत्यंत गर्व है। भारतीय सेना में सेवा देना केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान के लिए स्वयं को समर्पित करने का सर्वोच्च दायित्व है।इन विद्यार्थियों की सफलता निश्चित रूप से अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये वीर जवान देश की सीमाओं पर अपने साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा से पोदार कॉलेज एवं शेखावाटी क्षेत्र का गौरव और बढ़ाएंगे।इस गौरवपूर्ण अवसर पर ट्रस्टी डॉ. वेदिका पोदार, अधिशासी निदेशक एम.डी. शानभाग एवं महाविद्यालय परिवार ने लेफ्टिनेंट कमलेश सैनी,तीनों कैडेट्स एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## मोगा वाली गली में श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

सीमा सन्देश संवाददाता



**चिड़ावा।** शहर के वार्ड नंबर 9 स्थित कॉलेज रोड पर निमानी मोहल्ला की मोगा वाली गली में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के पांचवें दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्वर्गीय डॉ. श्री सीताराम मोगा वाले के पुत्र स्वर्गीय अरविंद मोगा वाले की धर्मपत्नी रश्मि देवी के सौजन्य से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित लखन लाल जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पूजा कराए जाने के प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार का मान-मर्दन कर मानव समाज को प्रकृति, गौसेवा और अन्नदाता के प्रति सम्मान रखने का संदेश दिया। पंडित लखन लाल जी महाराज ने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि मानव जीवन को भक्ति, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला दिव्य संदेश है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में अहंकार त्यागकर प्रेम, सेवा और भक्ति भाव अपनाने का आह्वान किया। कथा के दौरान पूरा पंडाल भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर कथा श्रवण करते नजर आए। महिलाओं एवं पुरुषों ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ कथा में भाग लिया। आयोजन स्थल को आकर्षक धार्मिक सजावट से सजाया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक किया जा रहा है। कथा में आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर शेखा म्यूजियम में कार्यक्रम आयोजित



सीमा सन्देश संवाददाता

**नवलगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर कस्बे के मंडी गेट स्थित शेखा म्यूजियम में स्कूली एवं कॉलेज विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इंटैक गवर्निंग काउंसिल के सदस्य, अतुल खन्ना के मार्गदर्शन में हुआ। म्यूजियम में विद्यार्थियों को शेखावाटी की हवेलियों की विशेषताएं, उनकी वास्तुकला, भित्तिचित्रों तथा क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रवीण कुमार ने बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के महत्व से अवगत कराया।म्यूजियम कर्मचारी राहुल परिहार ने बताया कि नीट्स कंप्यूटर, एस. एन. बी. एड कॉलेज, बेला बाई स्कूल, एस. एन. स्कूल, पोद्दार स्किल सेंटर, आदर्श विद्या मंदिर तथा किड्स वर्ल्ड स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के करीब 252 विद्यार्थियों ने शेखा म्यूजियम का निःशुल्क भ्रमण किया।कार्यक्रम के दौरान सितार वादक फरदीन ने बच्चों को सितार वाद्ययंत्र के बारे में जानकारी दी। अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर महेश सेवका, महेंद्र चिरानिया, गौरव शर्मा एवं राजेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वर्षा एवं दीपिका सोनी ने आगंतुकों का स्वागत किया।

**पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश** — शहर को प्रदूषण मुक्त, स्वच्छ और हरित बनाने में मदद मिलेगी

# चिड़ावा नगरपालिका का स्टाफ साइकिल से पहुंचा दफ्तर, सकारात्मक संदेश दिया

◆ इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग समय की आवश्यकता

सीमा सन्देश संवाददाता



प्रेरणादायक पहल की

**चिड़ावा।** शहर में पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर पालिका चिड़ावा द्वारा एक प्रेरणादायक पहल की गई। माननीय प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर झुंझुनूं के आह्वान पर नगर पालिका चिड़ावा के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार नूनिया ने पालिका स्टाफ के साथ साइकिल से कार्यालय पहुंचकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार नूनिया ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती खपत और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को देखते हुए साइकिल एवं इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग समय की आवश्यकता बन गया है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल अथवा इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग अवश्य करना चाहिए। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ईंधन की बचत और शारीरिक स्वास्थ्य को भी लाभ मिलेगा। पालिका प्रशासन की इस पहल के तहत सोमवार सुबह अधिशासी अधिकारी सहित समस्त अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने घरों से साइकिल पर सवार होकर कार्यालय पहुंचे। शहरवासियों ने नगरपालिका की इस जागरूकता मुहिम की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय कदम बताया।

नगर पालिका प्रशासन ने उम्मीद जताई कि सरकारी कर्मचारियों की इस पहल से प्रेरित होकर आम नागरिक भी अपनी दिनचर्या में साइकिल और ईवी वाहनों को अपनाएंगे, जिससे चिड़ावा शहर को प्रदूषण मुक्त, स्वच्छ और हरित बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता आकाश जांगिड़, कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष संजय चौधरी, दीपक जांगिड़, नरेंद्र ड्राफ्टमैन, रघुवीर सैनी, आनंद सैन, नितेश, अनिल, अंग्रेज सिंह, अमित, सलीम सहित नगर पालिका चिड़ावा का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय सम्मेलन में ली पद की शपथ**

# डॉ. दिलीप मोदी बने (नीसा) अलायंस के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव, ली शपथ

सीमा सन्देश संवाददाता



देशभर के निजी स्कूलों की स्वायत्तता, सुरक्षा और शिक्षा सुधारों के लिए करेंगे कार्य

**झुंझुनूं।** हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब में आयोजित नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस (नीसा) के राष्ट्रीय सम्मेलन 2026 में शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने वाले एवं राजस्थान के प्रांतीय प्रभारी डॉ. दिलीप मोदी को संगठन का राष्ट्रीय संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट अनिंदर सिंह पंढेर द्वारा उन्हें पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

इस राष्ट्रीय सम्मेलन में नीसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए सैंकड़ों शिक्षाविद और नवनिर्वाचित पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ. दिलीप मोदी ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया।उन्होंने स्पष्ट किया कि वे नीसा के वर्ष 2026-2029 के मेनिफेस्टो की 10 प्रमुख प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे। डॉ. मोदी ने कहा कि उनकी मुख्य प्राथमिकताओं में केंद्रीय विद्यालयों के समान निजी स्कूलों के लिए भी समान आरटीईरीइंबर्समेंट की पुरजोर वकालत करना, आरटीआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करना और प्राइवेट स्कूलों में अनिवार्य एसएमसी के अनावश्यक हस्तक्षेप का विरोध कर निजी स्कूलों की निजता व स्वायत्तता की रक्षा करना शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि देश में क्वालिटी एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए भारत यात्रा के माध्यम से एक राष्ट्रीय अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही, क्लासरूम एक्सिलेंस के लिए देश के 1000 शिक्षकों को उच्च-गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग दी जाएगी और प्रतिष्ठित प्रोफेसरों व इंडस्ट्री लीडर्स के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लीडरशिप कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिक्षा के स्तर को जांचने के लिए 1000 स्कूलों का प्रॉपर मूल्यांकन व निरंतर मेंटरिंग की जाएगी। जबकि छात्रों को ग्लोबल यूनिवर्सिटीज व बेहतरीन करियर के लिए तैयार करने के लिए फ्यूचर-रेडी स्टूडेंट प्रोग्राम की शुरूआत होगी। डॉ. मोदी ने आधुनिक शिक्षण पद्धति व टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन को बढ़ावा देने की राष्ट्रीय पहल पर जोर देते हुए कहा कि देश के 100 बजट प्राइवेट स्कूल एसोसिएशंस को एक साथ जोड़कर एक अटूट और एकजुट राष्ट्रीय नेटवर्क खड़ा करना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा।

इस अवसर पर मोदी वर्ल्ड स्कूल छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. दिलीप मोदी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों और स्कूल संचालकों में हर्ष की लहर है। डॉ. मोदी की इस राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि पर राजस्थान और विशेषकर शेखावाटी क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और व्यापारिक संगठनों ने खुशी जाहिर की है। साथ ही क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षाविदों और स्कूल संचालकों का कहना है कि डॉ. मोदी का जमीनी स्तर पर शिक्षा के विकास और स्कूल प्रबंधन में लंबा अनुभव रहा है। उनके इस पद पर आने से न केवल राजस्थान बल्कि देशभर के बजट और स्वतंत्र स्कूलों की समस्याओं को राष्ट्रीय मंच पर एक मजबूत आवाज मिलेगी।

**जानकारी दी**

## उदयन शालिनी फेलोशिप वर्ष 2026 परीक्षा आयोजित



सीमा सन्देश संवाददाता

**पिलानी।** उदयन शालिनी फेलोशिप (वरत्रः) बैच 5 की लिखित परीक्षा का सफल आयोजन 17 मई 2026 को राकेश अकादमी, पिलानी में आयोजित की गई।

इस परीक्षा में पिलानी ब्लॉक के लगभग 25 विद्यालयों से कक्षा 11 में अध्ययनरत कुल 155 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उदयन शालिनी फेलोशिप कार्यक्रम आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शैक्षणिक मार्गदर्शन, मेंटरशिप, व्यक्तित्व विकास तथा वित्तीय सहयोग प्रदान करने हेतु संचालित एक पहल है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं बेहतर भविष्य के लिए सक्षम बनाना है।परीक्षा का आयोजन डॉ. वी. के. दुबे के मार्गदर्शन एवं सहयोग में सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ, जिसमें PARC टीम का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। साथ ही, राकेश अकादमी, पिलानी द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएँ एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं।परीक्षा के उपरांत कालिका पुलिस टीम, पिलानी द्वारा छात्राओं एवं विद्यार्थियों के लिए सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में महिला कांस्टेबल श्रीमती मंजू एवं श्रीमती अनीता ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत सुरक्षा, सतर्कता एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने इस सत्र में सक्रिय सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम का सफल आयोजन यूएसएफ पिलानी चैप्टर एवं सहयोगी टीमों की विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग देश के लिए वरदान सिद्ध होगा : मुकेश कुमार



सीमा सन्देश संवाददाता

**नवलगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से कस्बे की मानसिंह का धर्मशाला में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन हुआ।सर्वप्रथम भारतमाता के चित्र के सम्मुख अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। मंचस्थ अतिथियों में संघ के खंड संघचालक रायसिंह तोगड़ा, नगर संघचालक विश्वनाथ जोशी , सह नगर संघचालक शिवरतन मुरारका एवं मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक मुकेश कुमार थे।मंचस्थ अतिथियों का परिचय नगर कार्यवाह कमल किशोर पंवार ने कराया। विभाग प्रचारक मुकेश कुमार ने 1925 से 2025 तक की संघ की यात्रा का वृतांत विस्तार पूर्वक करवाते हुए कहा कि संघ देशहित के प्रत्येक कार्य में सदैव अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा है, भारत पाक युद्ध के समय सेना का सम्पूर्ण सहयोग,गौ हत्या प्रतिबंध, राम मंदिर निर्माण, धारा 370, आपातकाल, रामसेतु हेतु हस्ताक्षर अभियान, जैसे अनेक विषयों पर संघ समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अडिग रूप से खड़ा रहा।आज संघ शताब्दी वर्ष में समाज में पंच परिवर्तन यथा सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन ,स्व का जागरण एवं नागरिक कर्तव्य के माध्यम से जन जागरण का कार्य समाज के सम्मुख रख रहा है।आज प्रत्येक देशवासी को मैं और मेरा से ऊपर उठकर देश हित के लिए चिंतन करने की आवश्यकता है।वर्तमान समय में दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग और प्लास्टिक मुक्त समाज की महत्ती आवश्यकता है।स्वतन्त्रता से पूर्व अनगिनत देशभक्तों ने अपना बलिदान दिया परंतु आज बलिदान की आवश्यकता नहीं है अपितु देश के लिए जीने की जरूरत है।

## शिविरों से सम्मान, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव पैदा होता है: अंजू चौधरी



**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय जेपी जानूं सीनियर सैकंडरी स्कूल में समाजसेवा और अभिरुचि शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रार्थना सभा के साथ शुरू हुए शिविर में छात्रों ने सामूहिक श्रमदान कर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई और सजावट में सक्रिय भागीदारी निभाई। उप प्राचार्य अंजू चौधरी ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाजसेवा शिविर का उद्देश्य छात्रों में श्रम के प्रति सम्मान, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है।

जब बच्चे खुद झाड़ू उठाकर परिसर साफ करते हैं तो उनमें टीम वर्क और नेतृत्व के गुण खुद ब खुद आते हैं। इससे पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक जीवन के कौशल भी मजबूत होते हैं।

## निःशुल्क नेत्र जाँच एवं ऑपरेशन शिविर 23 को

सीमा सन्देश संवाददाता

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम शुक्लावास में आगामी 23 मई शनिवार को प्रातः 06 से सायं 03 बजे तक श्री महावीर गुरुजी फाउण्डेशन के तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जाँच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जायेगा। षिविर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विषेशज्ञ डॉ. विरेन्द्र सिंह यादव अपनी सेवायें देगें। यह जानकारी सरपंच सचिन यादव ने दी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रजौराखुर्द, पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)**

क्रमांक/ ग्रा०पं०/ ई०नि०नि०सा०/2026/286-87 दिनांक :-18.05.2026

**ई-निविदा सूचना 01/2026-27**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में वित्तीय बर्ष 2026-27 में संचालित समस्त प्रकार की योजनाओं के तहत सम्पूर्ण बर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मो से ऑनलाइन ई-निविदा दिनाँक 29.05.2026 को समय 11:00 एएम तक आंमत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2627GLRC00130 है। विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक, ग्राम पंचायत रजौराखुर्द — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रजौराखुर्द



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय पति डॉ. बलविन्द्र पाल सिंह जाति सिख निवासी क्वाटर नं0 2, बिरला सार्वजनिक अस्पताल पिलानी, तहसील पिलानी, जिला झुंझुनूं राज. का देहांत दिनांक 16/02/2026 को हो चुका है। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी श्रीमती सीमा सिंह, शिल्पा सिंह (पुत्री) एवं कर्णपाल सिंह (पुत्र) ही उनके एकमात्र कानूनी उत्तराधिकारी हैं। स्वर्गीय डॉ. बलविन्द्र पाल सिंह के नाम से एक Residential Flat C101, Floor 1st, Orchid- Block C, Village- Mahapura, Sanganer, Ajmer Road, Jaipur 302018 है जिस पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड मे ऋण (खाता संख्या: 608097542) लिया गया था, जिसके मूल दस्तावेज बैंक में बंधक थे। उक्त ऋण की पूर्ण अदायगी की जा चुकी है। अब बैंक द्वारा इस सम्पत्ति के समस्त मूल/असल दस्तावेज कानूनी उत्तराधिकारी के नाते उनकी पत्नी श्रीमती सीमा सिंह को सौंपे जा रहे हैं, जिस पर अन्य उत्तराधिकारियों को कोई आपत्ति नहीं है। यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को उक्त मूल दस्तावेज सीमा सिंह को सौंपे जाने या मालिकाना हक के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर अपने साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता या सीधे एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को लिखित में अवगत करवाएं। अवधि समाप्ति के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक: 18/05/2026

मनोहर लाल सैनी, एडवोकेट, हाईकोर्ट झुंझुनूं



**UNITY — यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

पांचवीं मंजिल, टावर 1, सीवुड्स ग्रैंड सेंट्रल, सेक्टर-40, सीवुड्स, सीवुड्स दरावे रेलवे स्टेशन के ऊपर, नवी मुंबई - 400 706

**मांग सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ('नियम') के प्रावधानों के अंतर्गत**

अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के तहत यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी गये थे, जिसमें निम्नलिखित ऋणधारक/ऋणधारकों को संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि को उक्त नोटिस की प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। अधोहस्ताक्षरी को यह विश्वास है कि ऋणधारकों मांग नोटिस की तामील से बच रहे हैं, इसलिए नियमों के अनुसार नोटिस को चिपकाकर और प्रकाशित करके तामील की जा रही है। मांग नोटिस की सामग्री नीचे दी गई है:

| क्र. सं. | ऋणधारक(ों) / सह-ऋणधारक का नाम | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति) |
|---|---|---|---|
| 1 | ऋण खाता (ए): USFBJPRLOAN000005006634 1. श्रीराम मेडिकोज (ऋणाधरक) 2. महेश कुमार जांगिड़ (सह-ऋणाधरक एवं बंधककर्ता) 3. बीना देवी (सह-ऋणाधरक) क्रम संख्या 1 के लिए पता: महेश कुमार जांगिड़ भूरी भारज पाओटा जयपुर, जयपुर राजस्थान 303107 द्वारा प्रस्तुत, क्रमांक 1, 2 और 3 के लिए पता : खसरा नंबर 1226, ग्राम भूरी भारज, तहसील कोटपूतली जयपुर राजस्थान 303106 | 10.04.2026 रुपये 34,34,828.78 (रुपये चौंतीस लाख चौंतीस हजार आठ सौ अठाईस व पैसे अठहत्तर मात्र) दिनांक 07/04/2026 के अनुसार एनपीए दिनांक: 04.04.2026 | खसरा संख्या 1226/0.84, ग्राम भूरिभदज, तहसील कोटपुतली, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित भूखंड की पूरी अचल भूमि के सभी खण्ड व हिस्से, नाप 600 वर्ग यार्ड, सीमाएँ (गिरवी/बिक्री दस्तावेज के अनुसार): पूर्व: जगदीश की भूमि, पश्चिम: विक्रेता की भूमि, उत्तर: विक्रेता की भूमि, दक्षिण: आम रास्ता |

ऋणधारकों व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस का पालन करें और उसमें उल्लिखित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और भुगतान प्राप्ति की तिथि तक के सभी खर्चों सहित करें। ऋण लेने वाले व्यक्ति ध्यान दें कि यूएसएफबीएल एक सुरक्षित ऋणदाता है और ऋण लेने वाले व्यक्ति द्वारा लिया गया ऋण अचल संपत्ति/संपत्तियों के विरुद्ध एक सुरक्षित ऋण है, जो ऋण लेने वाले व्यक्ति द्वारा गिरवी रखी गई सुरक्षित संपत्ति है। यदि ऋण लेने वाले व्यक्ति निर्धारित समय के भीतर अपने दायित्वों का पूर्ण भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो यूएसएफबीएल अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करते हुए सुरक्षित संपत्ति पर कब्जा करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण करना या अधिनियम और उसके तहत नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय का उपयोग करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है। बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले, यूएसएफबीएल को गिरवी रखी गई संपत्तियों को कुर्क करने और/या सील करने का भी अधिकार है। गिरवी रखी गई संपत्तियों की बिक्री के बाद, यदि गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य यूएसएफबीएल को देय बकाया राशि की वसूली के लिए अपर्याप्त है, तो यूएसएफबीएल को बकाया राशि की वसूली के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है। यह उपाय किसी अन्य कानून के तहत यूएसएफबीएल को उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है। उधारकर्ता(ओं) का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें गिरवी रखी गई संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय का उल्लेख है, और अधिनियम की धारा 13(13) की ओर भी, जिसके तहत उधारकर्ता(ओं) को यूएसएफबीएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना गिरवी रखी गई संपत्तियों का निपटान या उनसे संबंधित कोई भी लेन-देन करने या बिक्री, पट्टे या किसी अन्य माध्यम से (सामान्य व्यवसाय के अलावा) किसी भी गिरवी रखी गई संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। उपरोक्त का अनुपालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। मांग नोटिस की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है और उधारकर्ता(ओं) यदि चाहें तो इसे किसी भी कार्यदिवस पर सामान्य कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं।

स्थान: राजस्थान
दिनांक: 19.05.2026

हस्ता-/- अधिकृत अधिकारी, यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड



**GRIHUM — गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: छठी मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा टूएनो, लोहेगांव, पुणे; महाराष्ट्र 41104 शाखा कार्यालय इकाई: पहली मंजिल, अयान सुजुकी के उपर, राजा साइकिल सर्कल, श्रीनगर रोड, अजमेर-305001

**ई-नीलामी- बिक्री सूचना** सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।

सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री 'जैसी है, जहाँ है', 'जैसी है, जैसी है' और 'जो भी परिणाम हो' के आधार पर कॉलम (जे) में उल्लिखित तिथि पर ई-नीलामी के माध्यम से की जाएगी। आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया GHFL/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्र सं. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए) ऋण संख्या | मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी) | कब्जे का प्रकार(सी) | संपत्ति का विवरण (डी) | आरक्षित राशि (ई) | ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ) | ईएमडी जमा करने की तिथि(जी) | बोली वृद्धि (एच) | सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई) | नीलामी की तिथि और समय (जे) | ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण संख्या HL000 98200000005020692 महेंदर महेंदर (ऋणधारक) शारदा शारदा (सह-ऋणधारक) | नोटिस दिनांक: 08.08.2025 कुल बकाया: रु. 2637574/- (रुपये छब्बीस लाख सैंतीस हजार पांच सौ चौहत्तर मात्र) 08.08.2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 13.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित | भौतिक | प्लॉट संख्या 12, खसरा संख्या 5066 का हिस्सा, गुर्जर धरती, नल्ले के पास, तहसील एवं जिला अजमेर में स्थित के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन 100 वर्ग यार्ड (जिसे आगे उक्त संपत्ति कहा गया है)। चारों सीमाएँ: पूर्व में प्लॉट संख्या 11, पश्चिम में सड़क, उत्तर में सड़क, दक्षिण में खुला प्लॉट। | रु.2100000/- (रुपये इक्कीस लाख मात्र) | रु. 210000/- (रुपये दो लाख दस हजार मात्र) | 04.06.2026 सायं 5 बजे से पहले | 10,000/- | 29.05.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे ) | 05.06.2026 (प्रातः 11- सायं 2) | निल |
| | ऋण संख्या HL000981000000050 46314 महेश कुमार (ऋणधारक) कनुप्रिया कछावा (सह-ऋणधारक) | नोटिस दिनांक: 11.02.2026 कुल बकाया: रु. 542340/- (रुपये पांच लाख बियालीस हजार तीन सौ चालीस मात्र) 11.02.2026 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 14.85 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित | भौतिक | खसरा संख्या 3035, 3036, 3037 का हिस्से, चौथी मंजिल, अरावली होम्स, सीकर रोड, जनाना अस्पताल के पास, मकड़वाली, तहसील एवं जिला अजमेर, राजस्थान में स्थित फ्लैट संख्या ईडब्ल्यूएस-ए-412 (1बीएचके) के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन निर्मित क्षेत्र 288 वर्ग फीट और सुपर बिल्टअप क्षेत्र 350 वर्ग फीट। और कार्पेट क्षेत्र (261.02 वर्ग फुट) (जिसे आगे उक्त संपत्ति का उक्त भाग कहा गया है) चारों ओर से घिरा है:- पूर्व- खसरा संख्या 3034 पश्चिम- खसरा संख्या 3038 उत्तर- एडीए स्वीकृत कॉलोनी, हस्ती विहार (खसरा संख्या 3-11, 3012, 3014) दक्षिण- खसरा संख्या 3048, 3049 | रु.490000/- (रुपये चार लाख नब्बे हजार मात्र) | रु. 49000/- (रुपये उनचास हजार मात्र) | 18.06.2026 सायं 5 बजे से पहले | 10,000/- | 10.06.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे ) | 05.06.2026 (प्रातः 11- सायं 2) | निल |

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क -व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1inida.com संपर्क नंबर- 9948182222 से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर-411014 'गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के नीलामी आय खाता बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-09155100028 और आईएफएससी कोड- ICIC0000915 के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर जारी करके कॉलम (जी) में उल्लिखित तिथि से पहले जमा करनी होगी और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करना होगा, जहां उन्हें मुफ्त में यूजर आईडी और पासवर्ड मिलेगा और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त होगा। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए यहां पता -पताःहली मंजिल, महाराष्ट्र 41101 राजा साइकिल सर्कल, श्रीनगर रोड, अजमेर-305001 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई-मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तों के अधिक विवरण के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com या www.grihumhousing.com पर जाएं।

यह सूचना ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधककर्ता(ओं) जमानतदार(ों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम - 2002 के के नियम 8(6) के अधीन 15 दिनों के नोटिस के रूप में भी ली जाये।

किसी भी स्थिति में, यदि स्थानीय भाषा में प्रकाशित समाचार पत्र और अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित समाचार पत्र की सामग्री में कोई अंतर हो, तो इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र की सामग्री ही मान्य होगी।

दिनांक: 19.05.2026, स्थान: राजस्थान — हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में ज्ञात)